

## चोरों ने तोड़े तीन सूने मकानों के ताले

- एक परिवार के लौटने पर चला पता, 2 और मकानों में हुई चोरी

**उज्जैन।** चोरों ने इस बार मक्सी रोड पर धावा बोला और तीन सूने मकान के ताले तोड़ दिए। तीनों मकान से वारदात कर चोर भाग निकले। आज सुबह एक परिवार वापस लौटा तो तीनों मकान में हुई चोरी की जानकारी सामने आई। पंवासा थाना क्षेत्र के मणिनगर में रहने वाले ईश्वर प्रसाद पिता बाबूलाल वाडिया का पैतृक मकान किशनपुरा में है। 2 दिन पहले दशा माता का पूजन होने पर परिवार के साथ पैतृक मकान गए हुए थे। मणिनगर के मकान पर ताला लगा हुआ था। रविवार सुबह वाडिया परिवार मणिनगर पहुंचा तो उन्होंने अपने मकान का ताला टूटा पाया। घर में सामान बिखरा पड़ा था। रात में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई इसी बीच सामने आया कि चोरों ने पड़ोस में रहने वाले तपेश पिता लक्ष्मी नारायण भाट और अनिशा शर्मा के मकान का भी ताला तोड़ा गया है। अनीशा बैतूल की रहने वाली है जो कुछ दिनों से बैतूल गई हुई है। तपेश परिवार में रिश्तेदार की तबीयत खराब होने पर झालावाड़ गया हुआ है। रात में तीन मकान में हुई चोरी के बाद पुलिस ने जांच शुरू की इस दौरान ईश्वर प्रसाद ने बताया कि चोरों ने उनके घर की तलाशी ली है लेकिन कुछ खास सामान चोरी नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार दो परिवार शहर से बाहर हैं उनके आने पर चोरी गए सामान की जानकारी सामने आ पाएगी। चोरों का पता लगाने के लिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। विदित हो कि शहर में पिछले कुछ महीनों से लगातार सूने मकान और दुकानों को बदमाशों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। नानाखेड़ा क्षेत्र में दो से तीन मकान में हुई चोरी की वारदात के दौरान सामने आए फुटेज में दो बदमाशों के साथ एक युवती भी दिखाई दी थी। कोतवाली क्षेत्र में रॉयल मेडिकल पर हुई चोरी में दो बदमाशों के साथ एक महिला होना सामने आई थी। चिमनगंज क्षेत्र में हुई तीन से कर वारदात में पुरुष बदमाश दिखाई दिए थे। जिसमें से कुछ बदमाशों की पहचान पारदी गिरोह के रूप में हो चुकी है। लेकिन अब तक गिरफ्त में नहीं आ सकते हैं।

### उज्जैन के युवक की कनाडा में मौत

उज्जैन। पढ़ाई के लिए कनाडा गए उज्जैन के युवक का 14 मार्च को छात्रों से विवाद हो गया था जिसमें वह बुरी तरह घायल हुआ था उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की मौत हो गई। देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ कॉलोनी में रहने वाले सिख परिवार का युवक गुरकीरत सिंह मनोचा कुछ साल पहले कनाडा स्थित वे नॉर्थन लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई करने गया था। सवा साल से कनाडा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। 14 मार्च को कॉलेज के छात्रों से ही उसका विवाद हो गया। जिसमें कुछ छात्रों द्वारा उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई। घायल होने पर अन्य छात्रों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन रात को उसके मौत होने की खबर सामने आई। दोस्तों ने रायपुर में रहने वाले उनके भाई प्रबकीरत सिंह मनोचा को घटनाक्रम की जानकारी दी। जैसे ही उज्जैन में रहने वाले परिवार को खबर लगी माहौल गमगीन हो गया। उज्जैन के छात्र की कनाडा में हुई मौत की खबर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मिली तो उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## निर्माण में कोताही मत बरतो, रात में भी चलाओ काम

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर के समग्र विकास कार्य तेज़ी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, संत-महंतों और यात्रियों को स्नान-दर्शन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सड़कों का चौड़ीकरण, यातायात सुधार व मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

इन्हीं तैयारियों के तहत प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति का रविवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने निरीक्षण किया। संभाग आयुक्त ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए जूना सोमवारिया तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। हालांकि इसके पूर्व भी कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार और इंजीनियरों को समझाइश दे चुके हैं कि कार्य में गुणवत्ता के साथ समय सीमा में उसे पूर्ण किया जाए।



### ठेकेदारों और अधिकारियों से चर्चा

संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूरा किया जाए, ताकि आने वाले समय में श्रद्धालुओं और नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से नाली निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण में प्री-कास्ट गुणवत्ता की तकनीक अपनाई जाए, जिससे कार्य टिकाऊ और व्यवस्थित हो सके। वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि डीएलसी सड़क के ऊपर टाटा की सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी व्यवस्थित की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण में रात्रिकालीन शिफ्ट में पीक्यूसी कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा हो सके।

कोयला फाटक से तेलीवाड़ा मार्ग के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सड़क निर्माण में डीएलसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर संभाग आयुक्त ने पीक्यूसी कार्य शीघ्र प्रारंभ करने और प्रगतिरत नाली निर्माण को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन आते हैं और महाकाल मंदिर में दर्शन के साथ शिप्रा नदी में स्नान करते हैं। ऐसे में शहर की सड़कों का चौड़ा और व्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे श्रद्धालुओं, संत-महंतों और नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, कंसल्टेंट तथा संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय महासभा का परिचय सम्मेलन

**उज्जैन।** महाकाल परिसर में 15 मार्च की सुबह 11 बजे से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में 32 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय संत महेश भाई के आतिथ्य तथा राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरदयालसिंह एडवोकेट ने किया। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष-जितेन्द्रसिंह राजावत ने दिया। अतिथि परिचय शहर अध्यक्ष अभिषेकसिंह बेस ने दिया। अतिथिगणों का साफा बांधकर शाल, श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंटकर मलखानसिंह दीक्षित, अनिलसिंह राजपूत, शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर, गजराजसिंह तोमर आदि ने अभिनन्दन किया। युवक युवती ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वह उनके विवाह के लिए जीवनसाथी से शादी के समय ना दहेज देंगे ना ही दहेज लेंगे। आनंन्दसिंह खींची ने आभार माना। इस अवसर पर दर्शन ठाकुर, लोकेंन्द्रसिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## कांशीराम को नमन किया गया

- अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**उज्जैन।** कांशीराम की जन्मतिथि के अवसर पर उज्जैन में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अजाक्स जिला उज्जैन के अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार ने बताया कि 15 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनों ने एकत्रित होकर कांशीराम को नमन किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान डीएवीएस के अध्यक्ष राम सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांशीराम जी द्वारा समाज के उत्थान और जागरूकता के लिए किए गए कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। उनका जीवन समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला उज्जैन के कार्यवाहक अध्यक्ष दरियाव सिंह गहलोत, जिला सचिव प्रवीण गहलोत, गिरधर मालवीय, डीएवीएस अध्यक्ष राम सोलंकी, लक्की चौहान, अमित आजाद, अर्पित अजमेरिया, तेजुलाल मालवीय, वंदन बालेचा और अभिषेक चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर में



## बेस का घोषित आत्मदाह आंदोलन करवाया रद्द

**उज्जैन।** अखिल भारतीय स्वर्ण समाज मोर्चा के उज्जैन जिला इकाई द्वारा यूजीसी जैसे काले कानून के विरोध में चलाए गए आंदोलन के अंतर्गत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उज्जैन संभाग अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश प्रेस क्लब उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह बेस के द्वारा 15 मार्च को शाम 5 बजे टावर चौक पर आत्मदाह किए जाने की घोषणा की गई थी। इसी मामले को लेकर अखिल भारतीय स्वर्ण समाज मोर्चा के उज्जैन जिला इकाई के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र चतुर्वेदी की अध्यक्षता में वेद नगर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें राजपूत सरदार पत्रकार महेंद्र सिंह बेस के द्वारा आत्मदाह के आंदोलन को लेकर समझा इस देकर घोषणा वापस करवाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए उज्जैन जिला इकाई के अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी के बाद अब जीने का अवसर है। इस तरह से आत्मदाह कर किसी भी आंदोलन को सफल नहीं किया जा सकता। ब्राह्मण समाज की ओर से पं. तरुण उपाध्याय ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस काले कानून को लेकर संज्ञान लिया है। उनका निर्णय आने तक ऐसे किसी भी आंदोलनात्मक कदम की आवश्यकता नहीं है। वैश्य समाज की ओर से पत्रकार राजकुमार अग्रवाल ने कहां की सनातन धर्म हमें आत्मदाह के लिए इजाजत नहीं देता है हम अपना आंदोलन राष्ट्रहित में सभी को साथ में लेकर आगे भी करेंगे।



## जल्द होगा राष्ट्रीय महिला व ज्योतिष सम्मेलन

**उज्जैन।** सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति के संगठन विस्तार और आगामी आयोजनों की रूपरेखा तय करने को लेकर रविवार (15 मार्च) को इंडियन कॉफी हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन में नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई और जल्द ही होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों पर मंथन किया गया। संगठन के अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा अतिशीघ्र एक वृहद राष्ट्रीय महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के साथ-साथ ज्योतिष सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में इन दोनों प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर सार्थक चर्चा की गई। पं. रावत ने बताया कि संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के लिए जल्द ही एक व्यापक सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत मध्य प्रदेश सहित देशभर के सभी जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी ताकि संगठन का विस्तार जमीनी स्तर पर हो सके। मीडिया प्रभारी विशाल दुबे ने बताया कि बैठक में संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए चार नए पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में विनोद जोशी, विनोद भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**उज्जैन।** जिले की अग्रणी संस्था उत्सव विकास सेवा समिति ने विश्व उपभोक्ता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष केसर सिंह पटेल ने की। त्रिवेणी विहार में आयोजित इस संगोष्ठी में उपभोक्ताओं को जागरूक करने पर विचार विमर्श किया और बाजार में चल रही रसोई गैस की कीमत पर चिंता जाहिर करते हुए उसकी काला बाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में विधि विशेषज्ञ राजेंद्र सिंह सोलंकी ने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में पत्रकार विश्वास शर्मा, नगर पालिक निगम उज्जैन के झोन क्रमांक 2 के अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा, जितेंद्र कुमावत, मोहित राठौड़ उपस्थित थे। संचालन संस्था के सचिव मनोज गुर्जर ने किया।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र की मौत

**उज्जैन।** शनिवार-रविवार रात गरोठ हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में 11 साल के बालक की मौत हो गई थी। माता-पिता और छोटा भाई घायल था। पिता की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में पिता की भी मौत हो गई। मां और 5 साल के पुत्र का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि आगररोड स्थित गरोठ हाईवे पर रात में अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी गई थी। दुर्घटना में घायल दो बच्चों और उनके माता-पिता को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था जहां एक 11 साल के बालक की मौत होने पर चरक अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अज्ञात बालक के निधन की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां सामने आया कि माता-पिता और छोटा भाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर मृतक बालक का नाम हाशिब पिता मुकरम हुसैन 11 साल निवासी श्यामगढ़ मंदसौर सामने आया। घायलों में उसके पिता मुकरम हुसैन, मां निगार हुसैन और भाई मुकरीब हुसैन 5 साल सामने आये। पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें इंदौर रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी लगने पर रात में परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। मां और मासूम बेटे को निजी अस्पताल ले जाया गया, दोनों का उपचार जारी है। चिमनगंज पुलिस के अनुसार 11 साल के बालक का पोस्टमार्टम उज्जैन चरक अस्पताल में कराया गया है वहीं पिता का पोस्टमार्टम इंदौर में हुआ है। चारों बाइक पर सवार होकर श्यामगढ़ से उज्जैन आ रहे थे। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है।

## प्रशिक्षण से संगठन को शक्ति और दिशा मिलती है : संजय अग्रवाल

- प्रशिक्षण महाअभियान-26 के तहत मंडलो में प्रशिक्षण वर्ग का आरंभ

**उज्जैन।** पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत उज्जैन नगर के सभी मंडलो में प्रशिक्षण वर्ग आज से प्रारंभ होने जा रहें है। शनिवार को दो दिवसीय उज्जैन ग्रामीण मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ चिंतामन रोड़ स्थित महाकाल परिसर में हुआ। जिसमें उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दिया। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार प्रशिक्षण वर्ग में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा सर्व प्रथम भारत माता व पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से चित्रों पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर सत्र आरंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस छः सत्रों में अलग अलग वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपना विचार व्यक्त किए। जिसमें वरिष्ठ नेता ओम जैन, सुरेश गिरी, डॉ. प्रभुलाल जाटवा, महापौर मुकेश टटवाल, विवेक जोशी ने संबोधित किया। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटवा ने कहा कि प्रशिक्षण से संगठन को शक्ति और दिशा मिलती है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, सुहास वैद्य विषयों पर वर्ग को संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में नगर संयोजक आनंद सिंह खींची, अनिल शिंदे, शैलेन्द्र शर्मा, सोनल जोशी, अशोक केथवास, सुहास वैद्य, वर्ग नियंत्रक शोभाराम मालवीय, वर्ग संयोजक रमेश वर्मा उपस्थित थे।



### भाजपा नगर की कोर कमेटी की बैठक संपन्न

नगर की कोर कमेटी की बैठक भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर आयोजित की गई। बैठक प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, जनहित के कार्यों तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, प्रभुलाल जाटवा, बजरंगलाल पुरोहित, संजय अग्रवाल, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, रामेश्वर दुबे उपस्थित थे।

## निगम में कार्य करते हुए परिवार से ज्यादा जुड़ाव हो जाता है स्टाफ से

**उज्जैन।** रविवार को नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह मंगलनाथ रोड स्थित श्री गौड ब्राह्मण समाज के नीलकंठ महादेव प्रांगण में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ।

समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया। तत्पश्चत कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कहा कि निगम में कार्य करते हुए परिवार से ज्यादा जुड़ाव नगर निगम के स्टाफ से हो जाता है। क्योंकि दिन रात आप सभी के बीच रहते हुए कार्य संपन्न किए जाते हैं। इस दौरान डॉ. पवन व्यास, नितिन मुसले, शैलेष नागर, मनसुख मेहरवाल, संदीप कलोसिया, रमेश रघुवंशी, रामचंद्र नागर, अनिल शर्मा, पीएल टटवाल, एम. रिजवानी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### परिवार में सब मिलजुलकर कार्य करते हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि नगर निगम के परिवार में सभी मिलजुल कर कार्य करते हैं जो समस्याएं कर्मचारी संघ द्वारा बताई जाती है उसका तत्काल निराकरण किया जाता है। क्योंकि नगर निगम के कर्मचारियों की मांगों को ध्यान में रखेंगे तो कार्य को लेकर सकारात्मकता आएगी।

## सफाई कर्मी पर हमले का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

- वाहन में गीला और सूखा कचरा अलग फेंकने पर हुआ था विवाद

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन का काम किया जाता है। सफाई कर्मी प्रतिदिन शहर में घरों से कचरा कलेक्शन करते है। शुक्रवार सुबह सफाई कर्मी कचरा गाड़ी के साथ फाजलपुरा पहुंचे थे। जहां घरों से कचरा एकत्रित किया जा रहा था। गली नंबर 3 में सफाईकर्मी फैजान पिता जफर निवासी हेलावाड़ी पहुंचा। जहां एक युवक कचरा लेकर आया। फैजान ने गीला-सूखा कचरा अलग देने के लिये कहा तो युवक ने विवाद कर मारपीट शुरू कर दी। यहीं नही उसने घर में रखी तलवार निकाली और फैजान को मारने दौड़ा। घटनाक्रम की जानकारी अन्य सफाईकर्मियों को लगी तो सभी एकत्रित हो गये। नगर निगम के दरोगा भी फाजलपुरा पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फैजान के साथ हुई घटना से सफाईकर्मी आक्रोशित हो गये और चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि फाजलपुरा पहुंचकर युवक के परिजनों से पूछताछ की गई और कुछ घंटे बाद आरोपी कादर को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ की जा रही है। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## जैन बीमा लायंस मीडिया अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल के रीजन चेयर लायन प्रदीप यादव के नेतृत्व में रीजन कॉन्फ्रेंस सिद्धार्थ का भव्य आयोजन स्थानीय निजी होटल के सभागृह में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में लायन सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स के लायन अरविंद जैन बीमा को उनके रचनाकार, व्यंग्यकार होने और लेखन कार्य में विशिष्ट योगदान देने के लिए लायंस मीडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण वशिष्ठ उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता द्वारका जालन थे। विशिष्ट अतिथि मनीष शाह और महेश मालवीय मौजूद रहे। संचालन अशोक भाटी ने किया।

**एक नजर में** | सिंहस्थ-2028 में उज्जैन में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी तो इंदौर के सैटेलाइट टाउनों पर ही रोक लेंगे

## पंडित उपाध्याय और सुरेश वाडकर व इशिता ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन। वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय ने रविवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वहीं प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सुरेश वाडकर एवं गायिका इशिता विश्वकर्मा भी बाबा महाकाल के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे।**

इंद्रेश उपाध्याय कुछ दिन पहले ही अपनी वीआईपी शादी से चर्चा में आए थे। देश-विदेश में उनके भक्त है। सुबह वे महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। नंदीहाल में बैठकर उन्होंने बाबा से हाथ जोड़कर प्रार्थना की। पंडे-पुजारियों ने मंत्रोच्चार कर उनका पूजन कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने उनका स्वागत किया। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सुरेश वाडकर एवं गायिका इशिता विश्वकर्मा ने भी महाकाल के दर्शन लाभ लिए।

सिंहस्थ-2028 को लेकर अब उज्जैन व इंदौर के प्रशासन व पुलिस के अफसरों ने मिलकर भीड़ प्रबंधन को लेकर प्लान करने लगे हैं। अफसरों का कहना है कि यदि उज्जैन में मेले के दौरान या नहान के दौरान अधिक भीड़ बढ़ती है तो श्रद्धालुओं को इंदौर में बनने वाले सैटेलाइट टाउन पर ही रोक दिया जाएगा। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर इंदौर व उज्जैन प्रशासन व पुलिस के अफसर मिलकर सिंहस्थ के भीड़ प्रबंधन पर काम कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभी जो योजना बनाई है कि उसके मुताबिक उज्जैन में भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को शहर में प्रवेश से पहले इंदौर में ही रोक लिया जाएगा। इसके लिए शहर के बाहरी क्षेत्रों में अस्थायी सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी इस पर सहमति प्रदान की है।



### विक्रम उत्सव 2026 की तैयारियां शुरू

विक्रम उत्सव 2026 की तैयारियां शुरू हो गई है। रविवार को शिप्रा के तट पर पूजन किया गया। 19 मार्च को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर शाम 7 बजे से शिप्रा तट रामघाट पर मुख्य कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम के सफल और निर्विघ्न आयोजन की कामना को लेकर मां शिप्रा और भूमि का विधिवत पूजन किया गया। श्रीराम तिवारी एवं नरेश शर्मा ने पूजन किया। पूजन पंडित गौरव उपाध्याय ने संपन्न कराया।